भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *390

जिसका उत्तर 27.03.2025 को दिया जाना है

बलरामपुर को प्रयागराज से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग

*390. श्री राम शिरोमणि वर्मा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की भारत-नेपाल सीमा पर श्रावस्ती संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बलरामपुर जिले के चंदनपुर (पचपेड़वा) से इमिलिया कोडर, पचपेड़वा, जुडीकुइया चौराहा, गणेशपुर बाजार, उतरौला होते हुए मनकापुर और नवाबगंज से अयोध्या और प्रयागराज तक सड़क का जनहित में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के रूप में निर्माण करने की कोई योजना है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

“बलरामपुर को प्रयागराज से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग” के संबंध में श्री राम शिरोमणि वर्मा द्‌वारा **पूछे गए दिनांक 27.03.2025 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *390 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ख) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय उत्तर प्रदेश राज्य सहित देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास और रखरखाव के लिए मुख्य रूप से उत्तरदायी है।

सरकार को उत्तर प्रदेश सरकार सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) से राज्यीय राजमार्गों (एसएच) सहित राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित करने/उन्नयन करने के प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। सरकार, कनेक्टिविटी की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर समय-समय पर एसएच सहित राज्य की कुछ सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने पर विचार करती है।

उत्तर प्रदेश राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों की लम्बाई वर्ष 2014 के 7986 किमी से बढ़कर वर्तमान में लगभग 12,123 किमी हो गयी है।

बलरामपुर जिले के चंदनपुर से इमिलिया कोडर - पचपेड़वा जुडीकुइया चौराहा - गणेशपुर बाजार होते हुए उतरौला तक सड़क मार्ग 46.6 किमी लंबा है। इस खंड में पचपेड़वा से जुड़ीकुइया चौराहा तक 1.1 किमी का हिस्सा राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-730 का भाग है; जिसे 31.03.2021 को “एनएच-730 के तुलसीपुर-बरहनी खंड के किमी 351.00 से 385.00 के पुनर्वास और उन्नयन कार्य” के अंतर्गत पेव्ड शोल्डर विन्यास के साथ 2 लेन में विकसित किया गया है।

शेष 45.5 किलोमीटर का खंड मुख्य जिला मार्ग (एमडीआर सडक) है, जो उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसके अलावा उतरौला से मनकापुर होते हुए नवाबगंज तक का 58 किलोमीटर का खंड राज्यीय राजमार्ग (एसएच-9) है और यह उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है।

नवाबगंज से अयोध्या होते हुए प्रयागराज तक 158 किलोमीटर लंबे सड़क खंड को पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-330) घोषित किया जा चुका है। एनएच 330 के इस सड़क खंड में, 51 किलोमीटर को चार लेन एनएच मानकों के अनुसार विकसित किया गया है, जबकि 107 किलोमीटर को दो लेन के रूप में पेव्ड शोल्डर एनएच मानक/दो लेन एनएच विन्यास के साथ विकसित किया गया है।

*****